I- 1303/11

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु. 25000 पच्चीस हजार रुपये

Rs. 25000 TWENTY FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

05 FEB 2011

Photo Attested





Photo Attested



## विक्रय–पत्र

### लेख पत्र का संक्षिप्त विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भूमि का प्रकार | : कृषि |
| 2. | परगना | : मोहनलालगंज |
| 3. | ग्राम | : सौनई कंजेहरा |
| 4. | सम्पत्ति का विवरण (सम्पत्ति नं0) | : भूमि खसरा संख्या–246 |
| 5. | मापन की इकाई | : हेक्टेअर |
| 6. | विक्रीत सम्पत्ति का क्षेत्रफल | : 0.253 हेक्टेअर |

भारतीय गैर न्यायिक

10000रु Rs.10000

दस हजार रुपये RUPEES TEN THOUSAND

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

058316



| | | |
|---|---|---|
| 7. | सम्पत्ति का प्रकार | : कृषि |
| 8. | पेड़ों का मूल्यांकन | : कुछ नहीं |
| 9. | बोरिंग/कुआ/अन्य | : कुछ नहीं |
| 10. | प्रतिफल की धनराशि | : रू0 13,69,791/- |
| 11. | मालियत | : रू0 3,79,500/- |
| 12. | स्टाम्प | : रू0 68,500/- |

चौहद्दी

*खसरा नं0-246*

| | |
|---|---|
| पूरब | : खसरा संख्या-220 |
| पश्चिम | : खसरा संख्या-247 |
| उत्तर | : खसरा संख्या-247 व 222 |
| दक्षिण | : खसरा संख्या-245 |

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 295249

12 FEB 2011



| प्रथम पक्ष की संख्या-01 | | द्वितीय पक्ष की संख्या-01 |
|---|---|---|
| विक्रेता का विवरण | : | क्रेता का विवरण |
| गंगा राम पुत्र परीदीन,<br>निवासी-सोनई कंजेहरा, परगना व तहसील-मोहनलालगंज,<br>जिला-लखनऊ।<br>व्यवसाय - कृषि | : | सुरेन्द्र कुमार पुत्र राजा राम<br>निवासी- ग्राम-पूरे निद्धी,<br>कलौली, गुरुबक्शगंज,<br>जिला-रायबरेली।<br>व्यवसाय-कृषि |

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 295247

12 FEB 20[illegible]



## विक्रय विलेख

यह विक्रय विलेख गंगा राम पुत्र परीदीन, निवासी–सोनई कंजेहरा, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ जिन्हे आगे विक्रेता कहा गया है, एवम् सुरेन्द्र कुमार पुत्र राजा राम निवासी– ग्राम–पूरे निद्धी, कलौली, गुरुबक्शगंज, जिला–रायबरेली जिन्हें आगे क्रेता कहा गया है, के मध्य निषादित किया गया।

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु.5000 Rs.5000

पाँच हज़ार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 295248

12 FEB 2011



यह कि विक्रेता भूमि खसरा संख्या–246 रकबा 0.372 हेक्टेअर में से कुल विक्रीत रकबा 0.253 हेक्टेअर, स्थित–ग्राम–सोनई कंजेहरा, परगना व तहसील– मोहनलालगंज, जिला लखनऊ, का मालिक, कामिल व काबिज है तथा उपरोक्त सत्यापित षटवार्षिक खाता खतौनी क्रम संख्या 0061 के अनुसार उक्त भूमि विक्रेता के नाम का अमल दरामद राजस्व अभिलेखों में हो गया है, उक्त भूमि विक्रेता को विरासत में मिली है विक्रेता अपना सम्पूर्ण हिस्सा अपने पूरे होशो हवास में बिना किसी जोर

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 295244

12 FEB



जबरदस्ती या दबाव के, क्रेता को इस विक्रय विलेख द्वारा विक्रय कर रहे हैं विक्रेता उपरोक्त सम्पूर्ण भूमि के मालिक, कामिल व काबिज है एवं वर्तमान समय में उक्त भूमि कृषि भूमि है, और यह कि विक्रेता यह घोषित करता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि सभी प्रकार के भारों से मुक्त एवं पाक व साफ है तथा विक्रेता ने उसे इस विक्रय के पूर्व कहीं बय, हिबा, गिरवी या अनुबन्धित इत्यादि नहीं किया है। उपरोक्त भूमि या उसका कोई भाग किसी न्यायालय या सरकारी कार्यवाही के अर्न्तगत विवाद का वस्तु

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 295246

12 FEB



विषय नही है, न ही कुर्क इत्यादि है। विक्रेता के अलावा उक्त भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का स्वत्व, हक या दावा इत्यादि नही है, एवं विक्रेता को उक्त विक्रय अन्तरण करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। अतएव उपरोक्त सहमति के फलस्वरूप रू0 13,69,791/- (रूपया तेरह लाख उनहत्तर हजार सात सौ इक्यानबे मात्र) के प्रतिफल में जिसका कि उपरोक्त क्रेता द्वारा विक्रेता को इस विलेख के अन्त में दी गई अनुसूची में वर्णित विधि के अनुसार भुगतान कर दिया गया है एवं जिसकी प्राप्ति को

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

रु.5000 Rs.5000

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 295245

12 FEB 2011



विक्रेता यहाँ स्वीकार करते हैं, तदानुसार उक्त विक्रेता उक्त क्रेता के हाथ उपरोक्त वर्णित भूमि, जिसका विवरण इस विक्रय विलेख के अन्त मे अनुसूची के अर्न्तगत दिया गया है, को कतई बेच दिया है, एवं विक्रेता ने विक्रयशुदा भूमि का मौके पर कब्जा क्रेता को बखूबी करा दिया गया है। अब उक्त आराजी पर विक्रेता तथा उसके वारिसान का कोई अधिकार नहीं है। विक्रेता ने विक्रयशुदा सम्पत्ति को अपने स्वामित्व के समस्त अधिकारों के साथ पूर्णतया व हमेशा के लिए क्रेता को हस्तान्तरित कर दिया है। अब क्रेता

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 022065

7 FEB 2011



विक्रयशुदा सम्पत्ति एवं उसके प्रत्येक भाग को अपने एकमात्र स्वाामित्व व अधिकार व कब्जे में सम्पत्ति के रूप में धारण एवं उपयोग व उपभोग करेगे। विक्रेता उसमें किसी प्रकार की अड़चन बाधा नही डाल सकेगा एवं न ही कोई मांग कर सकेगा और यदि विक्रयशुदा सम्पत्ति अथवा कोई भाग विक्रेता के स्वामित्व में त्रुटि के कारण या कानूनी अड़चन या कानूनी त्रुटि के कारण क्रेता या उसके वारिसान निष्पादकगण इत्यादि के कब्जे या अधिकार या स्वत्व से निकल जावे तो क्रेता उसके वारिसान, निष्पादकगण

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 022066
7 FEB 2011



इत्यादि को यह हक होगा कि वह अपना समस्त नुकसान मय हर्जा व खर्चा, विक्रेता की चल, अचल सम्पत्ति से जरिये अदालत वसूल कर ले। उस स्थित में विक्रेता एवं उसके वारिसान हर्जा व खर्चा देने हेतु बाध्य होगा।

यह कि क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति की दाखिल खारिज राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा लें तो विक्रेता को कोई आपत्ति न होगी और यह कि इस विक्रय बिलेख के पूर्व का अगर कोई बकाया किसी तरह का भार इस सम्पत्ति पर होगा तो

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

S 022067

07 FEB 2011



उसको विक्रेता भुगतान व वहन करेगा, विक्रेता को कोई आपत्ति न होगी।

यह कि उपरोक्त खसरा नम्बर ग्राम सौनई कंजेहरा, उपजिला मोहनलालगंज की राजस्व सीमा अन्तर्गत नगरीय व अर्द्धनगरीय क्षेत्र को छोड़कर आने वाले समस्त राजस्व ग्रामों में से एक है, जिसका निर्धारित सर्किल रेट रू0 15,00,000/- प्रति हेक्टेयर के हिसाब से विक्रीत भूमि 0.253 हेक्टेअर की मालियत रू0 3,79,500/- होता है, चूंकि विक्रय मूल्य, भूमि की बाजारू

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

H 905556

10 JAN 2011



मूल्य से अधिक है इसलिए नियमानुसार विक्रय मूल्य पर ही रू0 68,500/– जनरल स्टाम्प अदा किया जा रहा है। यह कि उपरोक्त विक्रीत भूमि कृषि के उपयोग के लिए क्रय की जा रही है। इस भूमि में कोई कुआँ, तालाब, व निर्माण आदि नहीं है, तथा 200 मी0 के अर्धव्यास मे कोई निर्माण नही है विक्रीत भूमि किसी लिंक मार्ग, राजमार्ग व जनपदीय मार्ग पर स्थित नही है। विक्रीत भूमि सुल्तानपुर रोड से लगभग एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रेता एवं क्रेता दोनों अनुसूचित जाति के सदस्य हैं।

इस विक्रय विलेख के निबन्धन का समस्त व्यय क्रेता द्वारा वहन किया गया है।

लिहाजा यह विक्रय विलेख विक्रेता ने क्रेता के पक्ष में लिख दिया ताकि सनद रहे और आवश्यकता पड़ने पर काम आवें।

## परिशिष्ट : विवरण विक्रयशुदा सम्पत्ति का विवरण

भूमि खसरा संख्या-246 रकबा 0.372 हेक्टेअर में से कुल विक्रीत रकबा 0.253 हेक्टेअर, स्थित-ग्राम- सौनई कंजेहरा, परगना व तहसील- मोहनलालगंज, जिला लखनऊ।

## परिशिष्ट : भुगतान विवरण

1. रू0 13,69,791/- (रूपया तेरह लाख उनहत्तर हजार सात सौ इक्यानबे मात्र) जरिये चेक संख्या-२९३४२६ दिनांकित १९/१२/२०११ पंजाब नेशनल बैंक, शाखा हजरतगंज, लखनऊ विक्रेता ने क्रेता से प्राप्त किये।

नि.का. कुलदकुमार

नि.अं. उमाराम

विक्रय पत्र

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1,369,791.00/ | 379,500.00 | 10,000.00 | 20 | 10,020.00 | 1,000 |
| प्रतिफल | मालियत | फीस रजिस्ट्री | नकल व प्रति शुल्क | योग | शब्द लगभग |

श्री गंगाराम
पुत्र श्री परीदीन
व्यवसाय कृषि
निवासी स्थायी सोनई कंजेहरा प.रा.मोहनलालगंज लखनऊ
अस्थायी पता

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनांक 19/2/2011 समय 5:13PM
बजे निबन्धन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अशोक कुमार (प्रभारी)
उ.नि.मोहनलालगंज
लखनऊ
19/2/2011

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमून व प्राप्त धनराशि रु. प्रलेखानुसार उक्त

विक्रेता

श्री गंगाराम
पुत्र श्री परीदीन
पेशा कृषि
निवासी सोनई कंजेहरा प.रा.मोहनलालगंज लखनऊ

क्रेता

श्री सुरेन्द्र कुमार
पुत्र श्री राजाराम
पेशा व्यापार
निवासी ग्राम पूरे निद्री कलौली जि-रायबरेली

ने निष्पादन स्वीकार किया ।
जिनकी पहचान श्री पंकज झा
राम नरेश झा
पेशा व्यापार
निवासी लालबाग लखनऊ
व श्री छंगा लाल
पुत्र श्री भक्का
पेशा व्यापार
निवासी माहरमऊपुरवा मोहनलालगंज जि-लखनऊ
ने की ।
प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिये गये है।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अशोक कुमार (प्रभारी)
उ.नि.मोहनलालगंज
लखनऊ
19/2/2011

इस प्रकार कुल विक्रय मूल्य रू0 13,69,791/– (रूपया तेरह लाख उनहत्तर हजार सात सौ इक्यानबे मात्र) विक्रेता ने क्रेता से प्राप्त किये तथा जिसकी प्राप्ति विक्रता स्वीकार करते हैं

नोटः– भुगतान के विवरण में चेक संख्या व दिनांक पेन से लिखा गया है।

लखनऊ
दिनांक : 19.02.2011

**गवाह**

1\.

विक्रेता

2\.

क्रेता

टाईपकर्ता

(अमित त्रिपाठी)
सिविल कोर्ट, लखनऊ

मसविदाकर्ता

(विश्वनाथ यादव)
एडवोकेट

विक्रेता

Registration No.: 1303 Year : 2,011 Book No. : 1

0101 गंगाराम

परदीन

सोनई कंजेहरा प.त.मोहनलालगंज लखनऊ

कृषि








नजरी नक्शा

खसरा सं०

ग्राम →

विक्रेता →

क्रेता →



विक्रेता

क्रेता

क्रेता

Registration No. : 1303 Year : 2,011 Book No. : 1

0201 सुरेन्द्र कुमार
राजाराम
ग्राम पुरे मिट्ठी कलौली जि-रायबरेली
व्यापार






## रजिस्ट्रेशन अधिनियम–1908 की धारा 32–ए, के अनुपालन हेतु फिंगर्स प्रिन्टस्

विक्रेता का नाम व पता:- गंगा राम पुत्र परीदीन, निवासी-सोनई कंजेहरा, परगना व तहसील-मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-




विक्रेता के हस्ताक्षर

क्रेता का नाम व पता- सुरेन्द्र कुमार पुत्र राजा राम निवासी- ग्राम-पूरे निद्धी, कलीली, गुरुबक्शगंज, जिला-रायबरेली।

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :-



क्रेता के हस्ताक्षर



आज दिनांक 19/02/2011 को

बही सं. 1 जिल्द सं. 2439

पृष्ठ सं. 185 से 216 पर कमांक 1303

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

अशोक कुमार (प्रभारी)

उ.नि.मोहनलालगंज

लखनऊ

19/2/2011